Department of



# परिवारों के लिए जानकारी

## अस्थाई कुशलता अभाव (टीएसएस) वीज़ा (उपवर्ग 482) [Temporary Skill Shortage (TSS) visa (subclass 482)] और अस्थाई कार्य (कुशलता) वीज़ा (उपवर्ग 457) [Temporary Work (Skilled) visa (subclass 457)] धारकों के पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में पब्लिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की ट्यूशन फीस।

457 या 482 वीज़ा धारक के रूप में आपके बच्चों के लिए पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के स्थानीय बच्चों के समान ही सार्वजनिक शिक्षा सुलभ होगी और उन्हें स्थानीय पब्लिक स्कूलों में दाखिला मिल सकता है। परंतु आपको पारिवारिक ट्यूशन फीस (family tuition fee) का भुगतान करना होगा।

### ट्यूशन फीस व स्कूल स्वैच्छिक योगदान (school voluntary contribution), शुल्क और फीस

**चाहे आपके एक बच्चे/बच्ची या फिर एक से अधिक बच्चों को पब्लिक स्कूलों में दाखिला दिया जाए, किंतु ट्यूशन फीस $4 000 प्रति परिवार प्रति वर्ष है। जिन परिवारों का सबसे अधिक आयु का बच्चा/बच्ची किंडरगार्टन में भर्ती है, उन्हें यह फीस भरने की आवश्यकता नहीं है। आपको अपने बच्चों के स्कूलों को सीधे स्कूल स्वैच्छिक योगदान (school voluntary contributions), शुल्क और फीस का भुगतान करना होगा। ये भुगतान उन सभी परिवारों द्वारा किए जाते हैं जिनके बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं, और ये पढ़ाई करने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए प्रति वर्ष देय होते हैं।**

### ट्यूशन फीस का भुगतान

ट्यूशन फीस का भुगतान टेफ अंतर्राष्ट्रीय पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (TAFE International Western Australia) को देय होता है। प्रत्येक स्कूली वर्ष के आरंभ में (या जब आपके बच्चों को स्कूल में भर्ती किया जाता है) आपको डाक या ईमेल के माध्यम से $4000 (या प्रो रेटा) की फीस सूचना (Fee Advice) प्राप्त होगी।

आप एकबारगी भुगतान के रूप में या डायरेक्ट डेबिट के माध्यम से पूरे वर्ष के दौरान किश्तों में ट्यूशन शुल्क का भुगतान कर सकते/सकती हैं। जिस वर्ष के लिए इन्वॉइस जारी की गई है, उस वर्ष के समाप्त होने से पहले संपूर्ण भुगतान प्राप्त हो जाना चाहिए।

पिछले वर्षों की सभी शेष या बकाया ट्यूशन फीस का भुगतान वर्ष 2020 की फीस के साथ कर दिया जाना चाहिए।

### ट्यूशन फीस की अदेयता

आपको आगे ट्यूशन फीस नहीं भरनी होगी, यदि

> आपको स्थाई निवास मिल जाता है;
> आपके बच्चे पब्लिक स्कूल प्रणाली छोड़ देते हैं; या
> आपकी वीज़ा की स्थिति 457 या 482 वीज़ा से बदलकर कुछ और हो जाती है।

यदि इनमें से कोई भी स्थिति आपके लिए लागू हो, तो आपको अपने बच्चों के सभी स्कूलों को सूचित करना चाहिए। ऐसा करने से सही फीस सूचना (Fee Advice) जारी करना और आपको अपनी पात्रता के अनुसार सभी धन-वापसी (refund) मिलना सुनिश्चित हो पाएगा। **यदि आपके पास पहले 457 या 482 वीज़ा था लेकिन अब आप ब्रिजिंग वीज़ा (Bridging Visa) धारक बन गए/गई हैं, तो आपको ट्यूशन फीस का भुगतान जारी रखना होगा। ब्रिजिंग वीज़ा से आपके मूल 457 या 482 वीज़ा की शर्तों और अधिकारों में कोई परिवर्तन नहीं होता है।**

## आर्थिक कठिनाई

यदि आप 457 या 482 वीज़ा धारक हैं, तो अपनी ट्यूशन फीस को कम करने या इसमें पूरी तरह से छूट प्राप्त करने के लिए आप आर्थिक कठिनाई हेतु आवेदन कर सकते/सकती हैं। आर्थिक कठिनाई के लिए आवेदन उस वर्ष की समाप्ति से पहले जमा किया जाना चाहिए, जिस वर्ष के लिए फीस लागू की गई है। 2019 से पहले जारी की गई ट्यूशन फीस के लिए आर्थिक कठिनाई के लिए आवेदन अब जमा नहीं किए जा सकते हैं।

आर्थिक कठिनाई के लिए आवेदन दो प्रकार के होते हैं:

**सँयुक्त सकल (gross) पारिवारिक आय**

सँयुक्त सकल (gross) पारिवारिक आय कराधान तथा अन्य कटौतियों से पहले माता और पिता, दोनों द्वारा अर्जित की गई संपूर्ण कर-योग्य आय होती है। इसमें ओवरटाइम या बोनस भुगतानों से अर्जित आय भी शामिल है।

यदि पूरे वर्ष के लिए आपकी सँयुक्त सकल पारिवारिक आय की गणना $75 000 या इससे कम की जाती है, तो आपको संपूर्ण ट्यूशन फीस की छूट दी जा सकती है।

आपको अपनी सँयुक्त सकल (gross) पारिवारिक आय की गणना के लिए प्रमाण जमा करने होंगे। आपके और आपके/आपकी जीवनसाथी के लिए प्रमाणों में निम्नलिखित शामिल होने चाहिए:

> सबसे हाल की तीन वेतन-पर्चियाँ (payslips);
> आवेदन की तिथि तक अर्जित वार्षिक आय का प्रमाण;
> पीएवाईजी (PAYG) या समूह प्रमाण-पत्रों (group certificates) में इंगित आय; तथा
> 457 या 482 वीज़ा अनुदान सूचना-पत्र या आपके कार्य का अनुबंध, जिसमें निश्चित आय का उल्लेख किया गया हो।

**आर्थिक स्थिति में अचानक हुए परिवर्तन**

यदि आपकी आर्थिक परिस्थितियों में अचानक हुए परिवर्तनों के कारण आपकी ट्यूशन फीस का भुगतान करने की क्षमता कम हो जाए, तो इस फीस में संपूर्ण या आँशिक छूट दी जा सकती है। आपको अचानक हुए परिवर्तनों के प्रमाण तथा इस बात का प्रमाण उपलब्ध कराने की आवश्यकता होगी कि घटना के कारण अगले छह महीनों में ट्यूशन फीस का भुगतान करने की आपकी क्षमता किस प्रकार से कम हुई है।

अचानक हुए परिवर्तनों में बीमार पड़ना, बेरोजगार होना, रोजगार की शर्तें बदलना, अथवा परिवार में विघटन या मृत्यु होना शामिल हो सकता है।

निम्नलिखित परिस्थितियों को अचानक हुए परिवर्तनों की घटनाएँ नहीं माना जाता है:

> इस ट्यूशन फीस या स्कूल की अन्य फीस का भुगतान करने की आवश्यकता;
> स्थायी निवास के लिए आवेदन करना;
> परिवार के जीवन-यापन के खर्चे, जैसे किराया, स्वास्थ्य बीमा या कर्ज के चुकौती भुगतान करना; या
> अन्य बच्चों या किसी वयस्क विद्यार्थी की पढ़ाई के लिए भुगतान करना।

रोजगार में कोई भी बदलाव होने से आपके कठिनाई के आवेदन पर प्रभाव पड़ सकता है। आपको सभी वेतनीय कार्यों से प्राप्त होने वाली अपनी और अपने/अपनी जीवनसाथी की सकल आय उपलब्ध करानी होगी। आपको रोजगार की समाप्ति (termination) या अतिरेकता (redundancy) पत्र, कार्य-नियोक्ता से प्राप्त अंतिम वेतन-पर्चियाँ (payslips) अथवा अपनी या अपने/अपनी जीवनसाथी की बेरोजगारी की अवधि के बारे में जानकारी प्रदान करनी होगी।

आर्थिक कठिनाई के सभी आवेदनों पर अलग-अलग विचार किया जाता है। टेफ अंतर्राष्ट्रीय पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (TAFE International Western Australia) को सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के बाद आपको चार से छह सप्ताहों के अंदर अपने आर्थिक कठिनाई के आवेदन के परिणाम की सूचना उपलब्ध हो जाएगी।

आर्थिक कठिनाई के लिए प्रत्येक वर्ष एक नया आवेदन जमा किया जाना चाहिए। जब ट्यूशन फीस में छूट दी जाती है, तो यह छूट केवल उसी अवधि के लिए लागू होती है जब आपके पास फीस का भुगतान करने की क्षमता नहीं होती है। फीस में छूट अगले वर्ष के लिए स्वतः लागू नहीं होती है।

